भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः †5412

उत्तर देने की तारीख 25 मार्च, 2026 (बुधवार)

04 चैत्र, 1948 (शक)

प्रश्न

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक भूमि का मूल्यांकन

†5412. **डॉ. काकोली घोष दस्तीदारः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी (एनईआर) राज्यों में औद्योगिक भूमि की उपलब्धता का कोई मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हां, तो औद्योगिक उपयोग के लिए निर्धारित भूमि के कुल क्षेत्रफल सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितनी भूमि पूर्ण रूप से विकसित है और निवेश के लिए तैयार है;

(ग) क्या ऐसे आंकड़े, संभावित निवेशकों के लिए सुलभ, किसी केंद्रीकृत अथवा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से जुड़े किसी पोर्टल पर रखे जाते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या मंत्रालय ऐसी भूमि की पहचान, मानचित्रण और तैयारी को कारगर बनाने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ) औद्योगिक क्षेत्र का विकास करने की मुख्य ज़िम्मेदारी राज्य सरकारों की होती है। राज्य औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतिगत उपाय अपनाते हैं। भारत सरकार उत्तरपूर्वी क्षेत्र सहित देश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्कीमों के माध्यम से उनके प्रयासों में मदद करती है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने भारत औद्योगिक भूमि बैंक (आईआईएलबी) [https://indiaindustriallandbank.gov.in/login1] के साथ राज्य औद्योगिक भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) को जोड़कर राष्ट्रीय स्तर का एक भूमि बैंक विकसित किया है, जो पूरे देश में क्लस्टर, पार्क, नोड, ज़ोन आदि सहित औद्योगिक क्षेत्रों का जीआईएस सक्षम डेटाबेस उपलब्ध कराता है, ताकि निवेश के लिए अपनी पसंदीदा जगह चुनने में निवेशकों को मदद मिल सके। यह प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध आंतरिक अवसंरचना, हवाई अड्डे, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, ड्राई पोर्ट आदि जैसे नोडल बिंदुओं से बाहरी कनेक्टिविटी, उपलब्ध कच्चे माल और 'प्लग एंड प्ले' सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है। इससे निवेशक प्लॉटस्तरीय डेटा और भूमि से जुड़ी अद्यतित जानकारी वास्तविक समय में देख पाते हैं।

*****